## महत्वपूर्ण एवं खास

### शासकीय आयुर्वेद औषधालय रेंगालपाली में बच्चों का किया गया सुवर्णप्राशन संस्कार

**रायगढ़।** आयुष विभाग रायगढ़ के अंतर्गत संचालित शासकीय आयुर्वेद औषधालय, रेंगालपाली विकासखण्ड-पुसौर में पदस्थ आयु. चिकि.अधि. चिकित्सक डॉ. संतोष कुमार गुप्ता द्वारा बताया कि आयुर्वेद का प्रयोजन 'स्वस्थ्य स्वास्थ्य रक्षणं, आतुरस्य विकार प्रषमन च'। स्वस्थ व्यक्ति के स्वास्थ्य की रक्षा करना एवं पीड़ित व्यक्ति के रोग का उपचार करना। इसी उद्देश्य के तहत जन्म से लेकर 16 वर्ष के बालक-बालिकाओं के रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने के लिए तथा स्वास्थ्य एवं दीर्घ आयु की कामना हेतु 15 फरवरी 2022 को पुष्य नक्षत्र में शासकीय आयुर्वेद औषधालय रेंगालपाली में आंगनबाड़ी केन्द्र एवं प्राथमिक शाला रेंगालपाली के बच्चों का सुवर्णप्राशन संस्कार किया गया। यह सुवर्णप्राशन संस्कार प्रत्येक माह पुष्य नक्षत्र के केन्द्र के उद्देश्य के फलस्वरूप किया जावेगा। सुवर्णप्राशन संस्कार से बुद्धि व स्मरण शक्ति बढ़ती है। रोगप्रतिरोधक क्षमता बढती है। बच्चों के सर्दी, जुकाम, अतिसार, बार-बार बीमार पडन्ना आदि रोगों से बचाता है। यह बच्चों के पूर्णत: दुष्प्रभाव रहित है।

### एकलव्य आवासीय विद्यालयों में चयन प्रवेश परीक्षा 3 अप्रैल को

#### आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि 10 मार्च तक

**रायगढ़।** रायगढ़ जिले अंतर्गत संचालित एकलव्य आवासीय विद्यालयों में शैक्षणिक सत्र 2022-23 हेतु कक्षा 6वीं में चयन प्रवेश परीक्षा 03 अप्रैल 2022 दिन रविवार को निर्धारित की गई हैं। जिसके लिए फार्म जमा करने की अंतिम तिथि 10 मार्च 2022 निर्धारित की गई। रायगढ़ जिले अंतर्गत खरसिया, बालक एकलव्य आवासीय विद्यालय में 60 सीट बालक, धरमजयगढ़, संयुक्त एकलव्य आवासीय विद्यालय में 30 सीट बालक/30 सीट बालिका, घरघोड़ा कन्या एकलव्य आवासीय विद्यालय में 60 सीट बालिका तथा लैलूंगा बालक एकलव्य आवासीय विद्यालय में संयुक्त एकलव्य आवासीय विद्यालय में 30 सीट बालक/30 सीट बालिका रिक्त है। आवेदक सहायक आयुक्त, कार्यालय रायगढ़ तथा संबंधित विद्यालयों से परीक्षा फार्म प्राप्त कर सकते हैं। आवेदक फार्म जमा करते समय कक्षा 5वीं की अंकसूची, जाति प्रमाण पत्र, निवास प्रमाण पत्र, आधार कार्ड की छायाप्रति आवेदन फार्म के साथ संलग्न करेगें।

### एक फिर मौसम ने ली करवट, कई इलाकों में हुई हल्की बारिश

**रायपुर (आरएनएस)।** प्रदेश में एक बार फिर से मौसम ने करवट ली है। जिसके चलते कई इलाकों में बारिश हो रही है। अगले दो दिनों तक बारिश और ठंडी हवा चलने के आसार है। राजधानी रायपुर समेत कई जिलों में सुबह से हल्की बूंदाबादी हो रही है। जिसके चलते तापमान में गिरावट हुआ है। वहीं अगले दो दिनों तक राहत के आसार नहीं है। बारिश के बाद फिर से कड़ाके की ठंड पड़ेगी।मौसम विभाग की माने तो उत्तर और दक्षिण से आने वाली हवा के टकराने के असर से बारिश हो रही है। सरगुजा के अलावा सभी संभागों में हल्की बारिश की संभावना है।

### 26 फरवरी से प्रतिदिन चलेगी कोरबा-अमृतसर एक्स. एवं बिलासपुर गेवरारोड पैसेंजर

**रायपुर (आरएनएस)।** रेल यात्रियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुये रेलवे प्रशासन द्वारा गाड़ी संख्या 18237/ 18238 कोरबा-अमृतसर-कोरबा, छत्तीसगढ़ एक्सप्रेस एवं 08210 बिलासपुर-गेवरारोड पैसेंजर ट्रेन का परिचालन 26 फरवरी से प्रतिदिन किया जा रहा है। रेलवे सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार वर्तमान में 18237 कोरबा-अमृतसर, छत्तीसगढ़ एक्सप्रेस का परिचालन सप्ताह में चार दिन (मंगलवार, बुधवार, गुरुवार एवं शुक्रवार ), 18238 अमृतसर-बिलासपुर, छत्तीसगढ़ एक्सप्रेस का परिचालन सप्ताह में चार दिन ( गुरुवार, शुक्रवार, शनिवार एवं रविवार ) तथा 08210 बिलासपुर-गेवरारोड पैसेंजर ट्रेन का परिचालन सप्ताह में चार दिन (मंगलवार, बुधवार, गुरुवार एवं शुक्रवार) को किया जा रहा था।

### तेंदुआ ने किया गाय का शिकार, इलाके में दहशत

**बिलासपुर (आरएनएस)।** तेंदुए ने एक गर्भवती गाय का शिकार किया है। जिससे गाय और गाय के पेट में पल रहे बच्चे की मौत हो गई है। मामला बेलगहना रेंज के टाटीघाट गांव का है। बताया जा रहा है कि हर एक दो दिन में शिकार की घटना से ग्रामीणों में दहशत का माहौल हो गया है। बीते कई दिनों से कोटा और बेलगहना गांव में फिर से इन दिनों तेंदुए का मूमेंट देखने को मिल रहा है। शिकार की सूचना गांव वालो ने वन विभाग को दी। सूचना के बाद मौके पर पहुंची विभाग की टीम मामले की जांच कर रही है।

# शत-प्रतिशत कुपोषित बच्चों एवं गर्भवती महिलाओं को पोषण आहार से करें लाभान्वित : कलेक्टर भीम सिंह

- बच्चों के परिजनों के नियमित काउंसलिंग के दिए निर्देश
- कलेक्टर सिंह ने ली महिला बाल विकास विभाग की बैठक



**रायगढ़।** कुपोषण की दर में कमी लाने के लिए सभी कुपोषित बच्चों एवं गर्भवती महिलाओं को ट्रेस कर आंगनबाड़ी केन्द्रों में शत-प्रतिशत उपस्थिति के साथ लाभान्वित किया जाए। सुपोषण की दर में वृद्धि के लिए आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायिका द्वारा गर्भवती महिलाओं एवं कुपोषित बच्चों के परिजनों की काउसिंलिग करें। जिससे वे सभी आंगनबाड़ी केन्द्रों तक पहुंचे एवं पूरक पोषण आहार सेवन से कुपोषण के दर में कमी लायी जा सके। उक्त बातें कलेक्टर भीम सिंह ने आज सृजन सभाकक्ष में आयोजित महिला बाल विकास विभाग की बैठक में कही।

इस दौरान कलेक्टर सिंह ने विभाग द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं का सेक्टरवार समीक्षा किए। उन्होंने कहा कि जिले में कोरोना दर कम हो चुके है लिहाजा आंगनबाड़ी केन्द्रों का पूर्ववत संचालन प्रारंभ करे। आंगनबाड़ी आने से गर्भवती महिलाओं एवं बच्चों को पोषण आहार का लाभ मिलेगा तथा उनकी नियमित मॉनिटरिंग भी आसानी से हो सकेगी। कलेक्टर सिंह ने सेक्टरवार पिछले एक माह में कुपोषण दर में कमी की समीक्षा की। उन्होंने लेन्ध्रा, सराईडीपा मचिदा, दरोगापारा, हाटी, बर्रा, कुड़ेकेला, तेतला, मुनुंद, मदनपुर, सिसरिंगा जैसे विभिन्न सेक्टरों की समीक्षा करते हुए बेहतर कार्य करने वाले सेक्टर सुपरवाइजर की सराहना की तथा कमजोर परिणाम वाले सेक्टर सुपरवाईजर को बेहतर कार्य करने के निर्देश दिए। इस दौरान उन्होंने सहायिका एवं कार्यकताओं को बच्चों के परिजनों को खानपान एवं सफाई संबंधी विशेष दिशा-निर्देश देने के निर्देश दिए। इसमें गांव के जनप्रतिनिधियों का भी सहयोग लेने के लिए कहा। जिससे अच्छा परिणाम प्राप्त किया जा सके। कलेक्टर सिंह ने आंगनबाड़ी केन्द्रों में अण्डा एवं रागी लड्डू की उपलब्धता की अद्यतन जानकारी ली। उन्होंने कहा कि निर्धारित आंगनबाड़ी केन्द्रों में बच्चों को रागी के लड्डू नियमित प्रदान किए जाए।

कलेक्टर सिंह ने मुख्यमंत्री बाल संदर्भ योजना एवं एनआरसी से लाभान्वित बच्चों की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं एएनएम द्वारा सर्वे किया जाए तथा उनका चिन्हांकन कर एनआरसी मे भर्ती किया जाए। उन्होंने कहा कि एनआरसी में बेड खाली नहीं होने चाहिए। कुपोषित बच्चों का नियमित रूप से उपचार होना चाहिए। इस दौरान उन्होंने बाल संदर्भ शिविर से संबंधित दवाईयों की उपलब्धता की जानकारी ली। उन्होंने कुपोषण मुक्त ग्राम पंचायत एवं वार्ड पर समीक्षा की। कलेक्टर सिंह ने रायगढ़ ग्रामीण, पुसौर, सारंगढ़, धरमजयगढ़, मुकडेगा एवं खरसिया परियोजना अन्तर्गत कुपोषण मुक्त पंचायतों एवं वार्डो की सराहना करते हुए सभी सेक्टरों को कुपोषण मुक्त ग्राम पंचायत एवं वार्ड बनाने की दिशा में कार्य करने के निर्देश दिए। कलेक्टर सिंह ने कहा कि जांच के पश्चात जिन गर्भवती महिलाओं के हिमोग्लोबिन स्तर कम है, उनके स्वास्थ्य तथा खानपान का विशेष ध्यान रखा जाए, जिससे हिमोग्लोबिन स्तर में जल्द सुधार हो। उन्होंने कहा कि गर्भवती महिलाओं का स्वास्थ्य ही होने वाले बच्चे के स्वास्थ्य की नीव बनता है अत: सभी गर्भवती महिलाओं तथा उसके परिजनों की भी नियमित काउंसलिंग कर नियमित जांच, पोषित आहार व आवश्यक दवाओं के सेवन के लिए मार्गदर्शन दिया जाए। कलेक्टर सिंह ने आंगनबाड़ी केन्द्रों में तैयार पोषण वाटिका के उचित रख-रखाव के साथ ग्राम स्तर की बाडिय़ों का लिंकेज आंगनबाडिय़ों से जल्द पूरा करने के लिए कहा, ताकि केन्द्रों में नियमित रूप से ताजी सब्जियां स्थानीय स्तर से ही प्राप्त की जा सके। विभागीय अधिकारी ने बताया कि वर्तमान में 1220 आंगनबाड़ी में सुपोषण वाटिका का निर्माण किया गया है। इसके साथ ही उद्यान विभाग के सहयोग से निर्मित 445 बाडिय़ों से आंगन बाडियों को लिंक किया गया है। इस अवसर पर महिला बाल विकास के परियोजना अधिकारी टी.के.जाटवर, सीएमएचओ डॉ.एस.एन.केशरी सभी सीडीपीओ एवं सेक्टर सुपरवाइजर उपस्थित रहे।

## ग्राम पंचायत कोड़तराई में युवाओं का अभिमुखीकरण कार्यक्रम संपन्न



**रायगढ़।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कोड़तराई में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के स्वयंसेवकों द्वारा ग्राम पंचायत कोड़तराई के बाजार चौक पर युवाओं के व्यक्तित्व विकास हेतु युवाओं का अभिमुखीकरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रुप में पूर्व जनपद पंचायत अध्यक्ष लक्ष्मीदेवी पटेल उपस्थित रही। साथ ही मुख्य प्रवक्ता के रूप में कोड़तराई विद्यालय के रासेयो कार्यक्रम अधिकारी राजेश पटेल, वरिष्ट शिक्षक अखिलेश मिश्रा और यूनिसेफ रायगढ़ के डी.एम.सी.शशांक शर्मा उपस्थित रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्ज्वलन व राजकीय गीत के साथ शुरू हुआ। उपस्थित वक्ताओं ने अपने उद्बोधन के द्वारा युवाओं को आत्मनिर्भरता, राष्ट्रीयता, कौशल विकास की जानकारी दी साथ ही राष्ट्रहित में समर्पित होने का सन्देश दिया गया। रासेयो कार्यक्रम अधिकारी राजेश पटेल ने कहा कि युवाओं को हमेशा ऐसे कार्यक्रमों में शामिल होना चाहिए जिससे उनका व्यक्तित्व विकास हो, वरिष्ठ शिक्षक अखिलेश मिश्रा ने भी कार्यक्रम की प्रशंसा की साथ ही युवाओं को अभिमुखीकरण और आत्मनिर्भर भारत के बारे में विस्तृत जानकारी दी। यूनिसेफ रायगढ़ से आए डीएमसी शशांक शर्मा ने भी युवाओं को सकारात्मक व्यवहार परिवर्तन के बारे में विस्तार से बताया।

## गर्ल्स कॉलेज में जागरूकता कार्यक्रम : छात्राओं को दी गई घरेलू हिंसा की जानकारी

- छात्राओं को बताये गये साइबर क्राईम से बचाव के उपाए

**रायगढ़।** पुलिस अधीक्षक अभिषेक मीणा के दिशा निर्देशन पर पुलिस महिला रक्षा टीम द्वारा आज दिनांक 17.02.2022 को किशोरी मोहन त्रिपाठी (गर्ल्स कॉलेज) महाविद्यालय में छात्राओं को घरेलू हिंसा एवं साइबर अपराधों की जानकारी दी गई। प्रभारी रक्षा टीम प्रधान आरक्षक मंजू मिश्रा द्वारा छात्राओं को बताया गया कि संचार, मनोरंजन साधनों में वृद्धि के साथ-साथ साइबर अपराध भी बढ़े हैं। जिससे सचेत रहने की सख्त आवश्यकता है जिसमें सजगता से बचाव हो सकता है। प्रभारी रक्षा टीम द्वारा छात्राओं को कोमल हो पर कमजोर नहीं कहकर छिंटाकशी एवं अवांछित घटनाओं का पुरजोर विरोध कर अपने अभिभावक को बताते हुये ऐसी घटनाओं को पुलिस के संज्ञान में लेने कहा गया। उन्होंने सोशल मीडिया पर अंजान लोगों से जुड़ने एवं दोस्ती करने से बचने कहा गया।



रक्षा टीम प्रभारी द्वारा छात्राओं को महिला सुरक्षा संबंधी "अभिव्यक्ति ऐप" की जानकारी देकर में गूगल प्ले स्टोर के जरिये करीब 105 छात्राओं के मोबाइल पर "अभिव्यक्ति ऐप" इंस्टाल कराया गया और बताया गया कि घरेलू हिंसा, मारपीट, छेडखानी या अन्य विपत्ति के समय SOS बटन के दबाते यूजर के लोकेशन पर पुलिस सहायता के लिये पहुंच जायेगी। इस ऐप के जरिए कहीं से भी महिलाएं युवती अपनी शिकायत टाईप कर या लिखित शिकायत अपलोड कर भेंज सकती है जो संबंधित पुलिस अधिकारी तक पहुंचेगी, जिसका जांच अधिकारी को 7 दिवस के समयसीमा में निराकरण करेंगे।

## जिले में अब तक 01 लाख 70 हजार 154 श्रमिकों का हुआ पंजीयन : पंजीकृत श्रमिकों को को मिलेगा योजना का लाभ

- मुख्यमंत्री निर्माण श्रमिक सहायता योजनाओं से मिल रही लोगों को आर्थिक राहत



**रायगढ़।** श्रम विभाग रायगढ़ में निर्माणी श्रमिकों का छ.ग. भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण मण्डल एवं असंगठित श्रमिकों का असंगठित सामाजिक सुरक्षा मंडल के तहत पंजीयन किया जाता है। छ.ग. भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण मण्डल के तहत 88 हजार 312 श्रमिकों का एवं असंगठित सामाजिक सुरक्षा मण्डल के तहत 81 हजार 842 कुल 01 लाख 70 हजार 154 श्रमिकों का पंजीयन किया गया है। पंजीकृत श्रमिकों को सामान्य मृत्यु/दुर्घटना में मृत्यु होने पर राशि 01 लाख अनुग्रह सहायता राशि दिये जाने का प्रावधान है। श्रम विभाग की वेबसाईट cglabour.nic.in के अंतर्गत किसी भी च्वाईस सेंटर से ऑनलाईन आवेदन कर सकते है।

छ.ग. भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण मण्डल के अन्तर्गत मुख्यमंत्री निर्माण श्रमिक मृत्यु एवं दिव्यांग सहायता योजना 9 जून 2020 से संचालित है एवं असंगठित कर्मकार राज्य सामाजिक सुरक्षा मण्डल के अन्तर्गत असंगठित कर्मकार मृत्यु/दिव्यांग सहायता योजना 9 दिसम्बर 2019 से संचालित है। योजना प्रारंभ होने से आज दिनांक तक छ.ग. भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण मण्डल के तहत मुख्यमंत्री निर्माण श्रमिक मृत्यु एवं दिव्यांग सहायता योजना में 219 श्रमिकों को 2 करोड़ 19 लाख रुपये से लाभान्वित किया गया है एवं असंगठित कर्मकार राज्य सामाजिक सुरक्षा मण्डल के तहत असंगठित कर्मकार मृत्यु/दिव्यांग सहायता योजना में 133 श्रमिकों को राशि 01 करोड़ 33 लाख रूपये से लाभान्वित किया गया है।

छ.ग. भवन निर्माण मण्डल के अंर्तगत पंजीकृत श्रमिक सदानंद डनसेना की पत्नी श्रीमती सब्या डनसेना, टी.वी. टावर छोटे अतरमुड़ा, रायगढ़ को उनके पति की मृत्यु होने पर मुख्यमंत्री निर्माण श्रमिक मृत्यु एवं दिव्यांग सहायता योजना के तहत 01 लाख की सहायता राशि प्रदाय की गई है। उनकी पत्नी सब्या डनसेना ने बताया कि 01 लाख रुपये मिली सहायता राशि को दोनों बच्चों की पढाई में खर्च करेंगे। इसी तरह भगिनी प्रसूति सहायता योजना के तहत हितग्राही श्रीमती रामकुमारी पति साधुरामम पटेल द्वारा बताया गया कि श्रम विभाग द्वारा उक्त योजना हेतु प्राप्त सहायता राशि 10 हजार रुपये को अपने बच्चे के नाम से जमा किया।

असंगठित कर्मकार राज्य सामाजिक सुरक्षा मंडल के तहत पंजीकृत श्रमिक को असंगठित कर्मकार मृत्यु/दिव्यांग सहायता योजना के तहत मृतका श्रीमती अनीता राठिया पति टिकेश्वर, निवासी ग्राम हाटी धरमजयगढ़ के मृत्यु उपरांत प्राप्त राशि को उत्तराधिकारी टिकेश्वर राठिया को 01 लाख रुपये की सहायता राशि प्रदाय की गई, उनके द्वारा बताया गया कि उक्त राशि बैंक में जमा किया है बच्चे के नाम से फिक्स डिपॉजीट करना चाहते है एवं मृतका श्रीमती प्रेमकला निषाद पति शिवप्रसाद, टिमरलगा सारंगढ़ के उत्तराधिकारी शिवप्रसाद को 01 लाख रुपये की सहायता राशि प्रदाय की गई। उनके द्वारा बताया गया कि उक्त राशि को बैंक में जमा किया गया है।

## दुर्घटना से बचाव के लिये ट्रैफिक पुलिस की वाहन चालकों को जागरूक



**रायगढ़।** एडिशनल एसपी ट्रैफिक माहेश्वर नाग के नेतृत्व में जिला स्तर पर सड़क सुरक्षा को बढ़ावा देने एवं दुर्घटनाओं की रोकथाम हेतु यातायात पुलिस द्वारा भारी वाहनों के चालकों को विशेषकर पिकअप, टाटा आइस एवं अन्य मालवाहक वाहनों में ऊंचा, लंबा एवं खतरनाक तरीके से माल लोड करने वाले वाहन चालक एवं मालिकों को जागरूकता अभियान के तहत जागरूक किया जा रहा है।

यातायात पुलिस के अधिकारीगण ऐसे वाहन चालकों को बताया गया कि इस प्रकार से माल के परिवहन करना यातायात नियमों का उल्लंघन है साथ स्वयं की जान जोखिम में डाल अन्य व्यक्ति को भी नुकसान पहुंचा सकते हैं। यातायात पुलिस द्वारा वाहन चालकों को इस प्रकार माल परिवहन करने से बचने अन्यथा वाहन चालक एवं वाहन स्वमी के विरुद्ध प्रभावी कार्यवाही किया जावेगा। यातायात पुलिस वाहन चालकों के साथ वाहन मालिक एवं ट्रांसपोर्टरों को भी यह संदेश दिया गया है कि इस प्रकार के यातायात नियमों का उल्लंघन न किया जावे अन्यथा प्रभावी कार्यवाही की जावेगी।

## वनांचल के ग्राम पंचायत नावाडीह के आश्रित गांव गंधराचुआ में मनाया गया रेडियो किसान दिवस

- किसानों को दी गई खेती में नई तकनीकी का प्रयोग करने की जानकारी
- विशेषज्ञों ने बताया आय दोगुनी करने का तकनीकी उपाय

**रायगढ़।** मृदा वैज्ञानिक व प्रभारी अधिष्ठाता कृषि महाविद्यालय व अनुसंधान केन्द्र बोईरदादर रायगढ़ के जी.आर. राठिया ने कहा कि विकास का रास्ता रेडियो कार्यक्रमों से होकर जाता है। उन्होंने रेडियो की महत्ता को बताते हुए कहा कि रेडियो की सूचना से उनको नौकरी मिली है। रेडियो पर पीएटी परीक्षा की सूचनाएं प्रसारित हो रही थी, उसे सुनकर उन्होंने परीक्षा दिया और आज इस मुकाम पर हैं। राठिया आकाशवाणी किसानवाणी प्रभाग द्वारा आयोजित रेडियो किसान दिवस के अवसर पर किसानों को संबोधित कर रहे थे। हर साल आकाशवाणी द्वारा 15 फरवरी रेडियो किसान दिवस का आयोजन किया जाता है। इस साल सारंगढ़ ब्लॉक के ग्राम पंचायत नावाडीह के आश्रित गांव गंधराचुंआ वनांचल में यह आयोजन किया गया था। इस दौरान किसानों को जहां खेती के नई तकनीकों की जानकारी दी गई, वहीं विषेषज्ञों ने आय दोगुनी करने के उपाय भी बताए गए।



आकाशवाणी का किसानवाणी प्रभाग किसानों की आय दोगुनी करने की थीम पर काम करते आ रहा है। इसके लिए रेडियो के माध्यम से नए-नए तरीके बताए जाते है और विशेषज्ञों द्वारा जानकारी भी दी जाती है। साथ ही प्रगतिशील किसानों के अनुभवों को भी रेडियो कार्यक्रम के माध्यम से साझा किया जाता है। इसी कड़ी में रेडियो किसान दिवस कार्यक्रम का आयोजन कोरोना प्रोटोकॉल का पालन करते हुए किया गया। इसके पहले मां भारती की तैल चित्र पर माल्यार्पण कर पूजा-अर्चना की गई और कार्यक्रम का शुभारंभ मां शारदे की वंदना की आराधना से किया गया। इसके बाद आकाशवाणी के कार्यक्रम अधिशासी शशी प्रकाश पांडेय ने इस दिवस के उद्देश्य और थीम की जानकारी दी। इस कार्यक्रम में उद्घोषक रमाशंकर शुक्ला, किसानवाणी प्रभाग के कंपीयर चवल पटेल, धवल किशोर गुप्ता, दिलीप चौधरी, मुकेश चतुर्वेदी, रामबिलास पटेल, वेणुधर पटेल समेत दर्जनों की संख्या में किसान और ग्रामीण उपस्थित थे। मृदा वैज्ञानिक व प्रभारी अधिष्ठाता कृषि महाविद्यालय व अनुसंधान केन्द्र जीआर राठिया ने खरपतवार नियंत्रण की जानकारी भी दी। कृषि में गुणवत्तापूर्ण उपज के लिए खरपतवारों पर नियंत्रण आवश्यक है। इस संदर्भ में विषय वस्तु विशेषज्ञ शस्य विज्ञान ने किसानों को जानकारी दी। विषय वस्तु विशेषज्ञ उद्यानिकी ने बताया कि खेती में उद्यानिकी साथ में हरदम पैसा हाथ में के आधार का व्याख्या किया।

सहायक पुस्तकालयाध्यक्ष कृषि महाविद्यालय व अनुसंधान केन्द्र बोईरदादर रायगढ़ के सुनील कुमार गौतम ने बताया कि खेती में दस्तावेजों का महत्वपूर्ण स्थान है। अगर भूल-चुक हो जाए तो दस्तावेजों में विवरण गलत हो जाता है, जिसके कारण किसानों को आर्थिक, मानसिक परेशानियों से जूझना पड़ता है। इस सबका एक मात्र उपाय तकनीकों का उपयोग, भूमि का डिजिटिलीकरण है। इस अवसर पर कृषि अधिकारी डीएस तोमर ने जैविक खेती और आरएन साहू ने आरआर प्रदर्शन के बारे में जानकारी दी। कार्यक्रम में मत्स्यकी विभाग के निरीक्षक मनीराम कुर्रे, ब्रजेश पटेल, ओम प्रकाश लहरे, पंकज कुमार पटेल, मुरलीधर देवांगन, डॉ अशोक पांडेय, कोमल कुमार साव, विक्रम आरईएचओ बेलटिकरी विक्रम पटेल, संदीप शर्मा, डॉ.खुबचंद पुरस्कार से सम्मानित किसानों में विजय यादव, खीरसागर पटेल, मुकेश चौधरी समेत सैकड़ों किसान और ग्रामीण मौजूद रहे। कोरोना संक्रमण के इस समय में शासन के दिशा-निर्देशों का पालन करते हुए उपस्थित सभी लोगों ने मास्क के साथ-साथ दो गज की दूरी का भी ध्यान रखा। कार्यक्रम में आदर्श गोठान, हिर्री द्वारा वर्मी कम्पोस्ट खाद एवं वर्मी कम्पोस्ट से तैयार सब्जी का स्टॉल, प्रगतिशील कृषक मुकेश चौधरी द्वारा ग्रीन राइस एवं सुगंधित चावल का स्टॉल के साथ-साथ शासकीय आयुर्वेदिक लेन्ध्रा द्वारा भी स्टॉल लगाया गया था। कार्यक्रम के आयोजन में समस्त ग्रामवासियों के साथ-साथ ग्राम सरपंच श्रीमती शारदा मालाकार का विशेष योगदान रहा।

स्वामी, मुद्रक प्रकाशक तथा संपादक सी.बी.वर्मा द्वारा न्यायसाक्षी प्रिंटर्स, प्लॉट नं. 327, वार्ड नं. 24, श्रीराम कॉलोनी स्टेडियम के पीछे रायगढ़ से मुद्रित एवं प्रकाशित फोन 07762-२21359 पी.आर.बी. अधिनियम के तहत् खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार ई-मेल - nyaysakshi@gmail.com- www.nyaysakshi.com, RNI NO :- CHHHIN/2018/76480